संपादकीय

# कार बाजार का आईना

यह देश के उपभोग स्तर में एक तरफ भारी गिरावट को बताता है। एंट्री लेवल के कार वो परिवार खरीदते हैं, जिनके परिवहन का जरिया उसके पहले दोपहिया वाहन थे। यही लोग सस्ती कारें खरीदते हैं। कार बाजार के मौजूदा ट्रेंड का संदेश यह है कि ऐसे लोगों की स्थिति कमजोर पड़ गई है।

भारत के कार बाजार की जो तस्वीर अब सामने आई है, वह असल में भारत की आज की अर्थव्यवस्था का आईना है। खबर यह है कि एंट्री लेवल यानी शुरुआती रेंज की कारों का बाजार तेजी से घट रहा है। 2012 में कुल कार बाजार में इस दर्जे की कारों का हिस्सा आधा था। अब एक तिहाई बचा है। 2016-17 में ऐसी कुल 31 ब्रांड की कारें बाजार में थीं। अब 19 बची हैं। दरअसल, तीन कंपनियों मारुति, हुंदै और टाटा को छोड़ कर बाकी लगभग सभी कंपनियों ने इस सेगमेंट की अपनी कारों को या तो बाजार से समेट लिया है, या समेटने का एलान कर चुकी हैं। दूसरी तरफ एसयूवी कारों का हिस्सा बढ़ा है। तो यह ट्रेंड किस बात का सूचक है? यह असल में देश के उपभोग स्तर में एक तरफ भारी गिरावट और दूसरी तरफ बढ़ती समृद्धि को बताता है। एंट्री लेवल के कार वो परिवार खरीदते हैं, जिनके परिवहन का जरिया उसके पहले दोपहिया वाहन थे। जब उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होती है, तो वे सस्ती कारें खरीदते हैं। कार बाजार के मौजूदा ट्रेंड का संदेश यह है कि ऐसे ग्रोथ की परिघटना कमजोर पड़ गई है। तमाम दूसरे आर्थिक संकेतक इस बात का पहले से संकेत देते रहे हैं। क्रमिक विकास का यह क्रम वर्तमान सरकार के कुछ नीतिगत दुस्साहसों से टूटा।

नोटबंदी, उलझी हुई जीएसटी और कोरोना काल में अचानक- अनियोजित लॉकडाउन ने आम परिवारों की अर्थव्यवस्था को क्षतिग्रस्त कर दिया। उसके बाद हुई रिकवरी अंग्रेजी के अक्षर के जैसी रही है। यानी एक रेखा बिल्कुल ऊपर की तरफ है और दूसरी रेखा नीचे की तरफ। धन का संचयन ऊपर की तरफ होता गया है। अब जो महंगाई का दौर आया है, उसमें ये परिघटना और मजबूत होगी। 2021-22 में थोक भाव मुद्रास्फीति 12.96 फीसदी रही, जो 1991-92 के बाद का सबसे ऊंचा स्तर है। बीते मार्च में ये दर 14 प्रतिशत को भी पार कर गई। यानी ये दर काफी ऊंची है। ऐसे में खुदरा मुद्रास्फीति दर में गिरावट की कोई संभावना नहीं हो सकती। इतनी ऊंची महंगाई का मतलब लोगों की वास्तविक आय में गिरावट होता है। तो जब लोगों की सारी आय आटा-चावल खरीदने में खर्च हो जाएगी, तो फिर वे टूव्हीलर या कार खरीदने को सोच भी कहां पाएंगे?

# भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार करार इसी वर्ष सम्पन्न करने का मोदी, जॉनसन का निर्णय



नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने दोनों देशों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में परस्पर व्यापार एवं निवेश संबंधों के विस्तार के लिए प्रतिबद्धता जताते हुए दोनों पक्षों के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की बात-चीत इसी वर्ष सम्पन्न कराने का निर्णय किया है।

श्री मोदी ने ब्रिटेन को भारत के राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन में शामिल होने का निमंत्रण भी दिया है।

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री जॉनसन की दो दिवसीय भारत यात्रा के अंतिम दिन शुक्रवार को यहां प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत के बाद एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने अपने वक्तव्य में कहा, 'हमने इस साल के अंत तक एफटीए की बातचीत के समापन की दिशा में पूरा प्रयास करने का निर्णय लिया है।'

श्री जॉनसन ने कहा कि दोनों देश एफटीए पर इस वर्ष दिवाली तक हस्ताक्षर करने की दिशा में प्रगति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी इस यात्रा से दोनों देशों के उद्यमियों के बीच एक अरब पाउंड के निवेश और व्यापार के नए समझौते हुए हैं।

श्री मोदी ने कहा कि मुक्त व्यापार समझौते के विषय पर दोनों देशों के अधिकारियों के दल काम कर रहे हैं। बातचीत में अच्छी प्रगति हो रही है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ महीनों में भारत ने संयुक्त अरब अमीरात और ऑस्ट्रेलिया के साथ मुक्त व्यापार के समझौतों को सम्पन्न किया है। उन्होंने कहा, हम उसी गति, उसी प्रतिबद्धता के साथ, हम ब्रिटेन के साथ भी एफटीए पर आगे बढ़ना चाहेंगे।

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ने कहा, 'व्यापार वार्ता का अगला चक्र अगले सप्ताह यहां शुरू होने जा रहा है। हम अपने वार्ताकारों को कह रहे है कि यह काम दिवाली तक हो जाना चाहिए...इससे इस दशक के अंत तक हमारा व्यापार और निवेश इस दशक के अंत तक दो गुना हो सकता है।

श्री मोदी ने कहा कि हमने रक्षा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर भी सहमती व्यक्त की है। रक्षा क्षेत्र में विनिर्माण, प्रौद्योगिकी, (उत्पादों के) डिजाइन और विकास, सभी क्षेत्रों में ब्रिटेन द्वारा आत्मनिर्भर भारत अभियान के समर्थन का हम स्वागत करते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि ब्रिटेन की कंपनियों द्वारा भारत में बढ़ते निवेश का हम स्वागत करते हैं।

श्री मोदी ने कहा कि भारत और ब्रिटेन ने ग्लासगो में आयोजित जलवायु सम्मेलन कॉप-26 में लिए गए संकल्पों को पूर्ण करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई है। उन्होंने कहा, आज हमने अपनी जलवायु (परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने' और ऊर्जा के क्षेत्र में भागीदार को और अधिक गहन करने का निर्णय लिया। हम ब्रिटेन को भारत के राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन में शामिल होने के लिए आमंत्रित करते हैं और हमारे बीच द्विपक्षीय रणनीतिक प्रौद्योगिकी वार्ता की स्थापना का मैं हृदय से स्वागत करता हूँ।

श्री मोदी ने बताया कि मेड इन इंडिया नवप्रवर्तनों के हस्तांतरण और उनको बड़े पैमाने पर उपयोग के लिए दोनों देश मिल कर 10 करोड़ डालर का वित्तपोषण करेंगे। इससे स्वस्थ्य विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के प्रयासों में मदद मिलेगी।

# आयुष में मिले नौ हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव

आयुष मंत्रालय
MINISTRY OF AYUSH

**नई दिल्ली।** पहले वैश्विक आयुष निवेश एवं नवाचार सम्मेलन 2022 के दौरान एफएमसीजी, मेडिकल वैल्यू ट्रैवल और फार्मा, जैसी प्रमुख श्रेणियों में 9000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिलें हैं। आयुष मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि गुजरात के गांधीनगर में आयोजित पहले वैश्विक आयुष निवेश और नवाचार शिखर सम्मेलन 2022 में आयुष क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय संस्थानों और विभिन्न अन्य क्षेत्रों के साथ समझौतों किये गये। इसके अलावा सम्मेलन में पूंजी की उपलब्धता, पारस्परिक अनुसंधान और विश्व स्तर पर आयुष की पहुंच पर चर्चा की गयी।

सम्मेलन में एफएमसीजी में 7000 करोड़ रुपए, मेडिकल वैल्यू ट्रैवल में लगभग 1000 करोड़, फार्मा सेक्टर से लगभग 345 करोड़, किसान और कृषि श्रेणी के लिए 300 करोड़ और टेक्नोलॉजी और डायग्नोस्टिक श्रेणी में लगभग 60 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं।

मंत्रालय के अनुसार सम्मेलन में पांच देशों के साथ आयुष के क्षेत्र में सहयोग पर समझौते किये गये। इसके अलावा देश के विभिन्न प्रतिष्ठित अनुसंधान संस्थानों के बीच कुल 12 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड ने किसान समूहों और उद्योग के बीच 50 से अधिक समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया। इनमें 6300 से अधिक किसान शामिल होंगे और इन समझौतों के माध्यम से 4.5 हजार टन उत्पादन होने की उम्मीद है।

# पूर्व सूचना निदेशक गोगोई के मामले में ईडी ने की 5.54 करोड़ की कुर्की

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने असम सरकार के सूचना और जनसंपर्क निदेशालय के पूर्व निदेशक रंजीत गोगोई और कुछ निजी कंपनियों के खिलाफ सरकारी धन के गबन से जुड़े मामले में 5.54 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है। ईडी ने एक बयान में कहा कि उसने इस मामले में असम के मुख्यमंत्री के सतर्कता प्रकोष्ट द्वारा 20 अक्टूबर 2017 को दायर प्राथमिकी को आधार बनाकर इस मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के तहत जांच शुरू की थी। विजिलेंस सेल ने संबंधित कंपनियों और व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता, 1860 की धारा 120(बी), 468, 471, 406, 409 और 420 तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 13(2) के तहत मामला दर्ज कराया था। ईडी की जांच में पाया गया कि असम सरकार के अधिकारियों एवं अन्य व्यक्तियों के साथ सांठ-गांठ कर इन कंपनियों ने विजन असम, मिशन असम प्रोजेक्ट के ठेके हासिल कर लिए थे।

# आरबीआई की बैठक के विवरण में झलकी मुद्रास्फीति की गंभीर चिंता



**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के सदस्यों ने 6-8 अप्रैल की पिछली बैठक में यद्पि नीतिगत दर को पहले के स्तर पर बनाए रखा पर बैठक के विवरण से पता लगता है कि सदस्यों में महंगाई के बढ़ते दबाव को लेकर चिंता है।

कार्यवाही के विवरण अनुसार एमपीसी के अध्यक्ष एवं आरबीआई गवर्नर शक्तिकांता दास ने बैठक में कहा था कि घरेलू आर्थिक वृद्धि दर के लिए जोखिमों को देखते हुए नरम मौद्रिक नीति को जारी रखने की जरूरत है लेकिन मुद्रास्फीति के दबाव के कारण मौद्रिक नीति की कार्रवाई जरूरी है।

श्री दास ने कहा था,परिस्थिति की मांग है कि आर्थिक वृद्धि में हो रहे सुधार को देखते हुए वृहद आर्थिक एवं वित्तीय स्थिरता की रक्षा उद्देश्यों का क्रम निर्धारित करने में मुद्रास्फीति और मुद्रास्फीति की प्रत्याक्षा को बांधें रखने को प्राथमिकता दी जाए।

मार्च महीने की खुदरा मुद्रास्फीति 6.95 प्रतिशत पर पहुंच गयी जबकि थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति भी दहाई अंक में बनी रही। एमपीसी ने आर्थिक वृद्धि में सहयोग के लिए नीतिगत ब्याज दर को स्थिर रखा लेकिन बहुत से अर्थशास्त्रियों का मानना है कि आगामी जून की बैठक में समिति नीतिगत दर बढ़ा सकती है।

एमपीसी को खुदरा मुद्रास्फीति 2-6 प्रतिशत के बीच रखने की जिम्मेदारी दी गयी है।

विवरण के अनुसार एमपीसी के सदस्य शशांक भिडे ने कहा था कि मार्च में ईंधन और खाद्य वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी अंतरराष्ट्रीय कीमतों में बढ़ोतरी का पहले दौर का असर लगता है यद्पि इन कीमतों को अभी पूरी तौर से ग्राहकों पर डाला जाना बाकी है।

भिडे का मानना था कि अगली तीन-चार तिमाहियों तक आर्थिक वृद्धि और मुद्रास्फीति दोनों के मामले में अनिश्चिता बढ़ेगी।

# एपीडा ने राष्ट्रीय अनुसंधान विकास निगम के साथ किया समझौता



**नई दिल्ली।** कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने राष्ट्रीय अनुसंधान विकास निगम (एनआरडीसी) के साथ शुक्रवार को एक समझौता किया, जिसमें निर्यात मूल्य श्रृंखला को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कार्य किया जाएगा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बताया कि इस समझौते के तहत निर्यात के लिए अवशेष या कार्बन मुक्त भोजन का उत्पादन करने के लिए शून्य कार्बन उत्सर्जन खेती से संबंधित जलवायु-अनुकूल कृषि के क्षेत्रों में एपीडा के साथ संयुक्त रूप से प्रौद्योगिकियों को शामिल करना और इनका प्रसार करना है।

यह समझौता एपीडा के सचिव और एनआरडीसी के सीएमडी कमोडोर (सेवानिवृत्त) अमित रस्तोगी के बीच एपीडा के अध्यक्ष आईएएस डॉ. एम. अंगमुथु उपस्थित में हुआ।

समझौते के तहत दोनों संगठन कृषि उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए मूल्य श्रृंखला के विभिन्न स्तरों पर कृषि और खाद्य प्रसंस्करण से संबंधित अंतर्निहित (एम्बेडेड) प्रौद्योगिकी के व्यावसायीकरण के लिए सहयोगी परियोजनाओं में सहयोग करेंगे। मंत्रालय ने कहा कि इस समझौते के तहत सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों में कम लागत के लिए कृषि मशीनरी का विकास व सुधार, छोटे स्तर के किसानों के लिए उपयोगकर्ता अनुकूल व ऊर्जा कुशल उपकरण, एनआरडीसी इनक्यूबेशन (ऊष्मायन) केंद्र (एनआरडीसीआईसी) से संबंधित कृषि स्टार्ट-अप्स को बढ़ावा देना व इनकी सहायता करना है। जिससे कृषि-निर्यात में जुड़ाव और स्टार्टअप परितंत्र को मजबूत किया जा सके और इसमें एक-दूसरे के साथ ज्ञान साझा करने के लिए एनआरडीसी/एपीईडीए के विशेषज्ञों को मनोनीत करना भी शामिल हैं।

# बटलर का तूफानी शतक, राजस्थान की दिल्ली पर रोमांचक जीत



**मुम्बई।** जबरदस्त फॉर्म में चल रहे जोस बटलर (116) के लगातार दूसरे शतक से राजस्थान रॉयल्स ने दिल्ली कैपिटल्स को आईपीएल मुकाबले में 15 रन से पीट दिया। राजस्थान ने 20 ओवर में दो विकेट पर 222 रन का मजबूत स्कोर बनाया और दिल्ली की चुनौती को आठ विकेट पर 207 रन पर रोक दिया। राजस्थान की टीम सात मैचों में पांचवीं जीत और 10 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर पहुंच गयी है। दूसरी तरफ दिल्ली को सात मैचों में चौथी हार का सामना करना पड़ा।

लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली को अच्छी शुरुआत की जरूरत थी। डेविड वार्नर और पृथ्वी शॉ ने 4.3 ओवर में दिल्ली को 43 रन की बढिय़ा शुरुआत दी। प्रसिद्ध कृष्णा ने वार्नर को विकेटकीपर संजू सैमसन के हाथों कैच कराया। वार्नर ने 14 गेंदों पर 28 रन में पांच चौके और एक छक्का लगाया। सरफराज खान एक रन बना कर आउट हो गए। सरफराज का शिकार ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने किया।

पृथ्वी शॉ 27 गेंदों में पांच चौकों और एक छक्के की मदद से 37 रन बनाकर अश्विन का दूसरा शिकार बने। कप्तान ऋषभ पंत 24 गेंदों में 44 रन बनाकर प्रसिद्ध कृष्णा की गेंद पर देवदत्त पडिकल को कैच थमा बैठे। अक्षर पटेल एक रन बनाकर युजवेंद्र चहल की गेंद पर बोल्ड हुए। शार्दुल ठाकुर 10 रन बनाकर दूसरा रन लेने की कोशिश में रन आउट हुए। इन विकेटों के गिरने के बीच ललित यादव दूसरे छोर पर रन बनाते रहे।

रोवमन पॉवेल ने आने के साथ दो छक्के मारे। दिल्ली को आखिरी दो ओवर में 36 रन की जरूरत थी। कृष्णा ने ललित यादव को 19वें ओवर में पवेलियन की राह दिखा दी। ललित ने 24 गेंदों में तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से 37 रन बनाये। कृष्णा ने 19वां ओवर मैडन डाला और ललित का विकेट भी झटका। पॉवेल ने आखिरी ओवर में पहली गेंद पर सीधा छक्का मारा।

# मेगा बजट मूवी नागा में नजर आएंगी बिंदू माधवी



साउथ इंडस्ट्री के मशहूर डायरेक्टर चार्ल्स अपनी अगली फिल्म नागा को लेकर काफी चर्चाओं में है। इस फिल्म में बिंदु माधवी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म के निर्माण से पहले पूजा की गई। जिसमें चार्ल्स और कास्टिंग टीम शामिल रही। बड़े बजट पर बन रही इस फिल्म में बिंदु माधवी मनसा देवी नागा अम्मन की भक्त की भूमिका निभाएंगी, जो एक देवी है और महिलाओं की गरिमा की रक्षा के लिए जानी जाती है।

इस फिल्म का निर्माण एम एस मूवीज के बैनर तले किया जाएगा।

इस फिल्म को प्रोड्यूस के मुरुगन कर रहे है। मुरुगन आदिथडी, कुश्ती और भास्कर द रास्कल जैसी फिल्मों के लिए जाने जाते है।

आपको बता दें कि एक्ट्रेस बिंदू माधवी तेलुगु रियलिटी शो बिग बॉस की कंटेस्टेंट रह चुकी है। बिग बॉस हाउस से बाहर निकलने के बाद उन्हें नागा फिल्म ऑफर हुई। इस फिल्म में बिंदु माधवी के अलावा, अभिनेत्री रायजा विल्सन और अभिनेता श्रीकांत भी लीड रोल में नजर आएंगे। श्रीकांत पुरातत्वविद् के किरदार में दिखाई देंगे।

सूत्रों का कहना है कि फिल्म की शूटिंग 27 अप्रैल से पुडुचेरी में शुरू होगी। इसके बाद 55 दिनों तक हम्पी और केरल के समुद्री लोकेशन पर फिल्म को शूट किया जाएगा।

# ओटीटी प्लेटफार्म पर 6 मई को रिलीज होगी अमिताभ बच्चन की 'झुंड'




बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन की फिल्म 'झुंड' ओटीटी प्लेटफॉर्म पर 06 मई को रिलीज होगी। बिग बी की फिल्म झुंड इस साल प्रदर्शित हुयी है। नागराज मंजुले निर्देशित यह फिल्म विजय बरसे के जीवन पर आधारित एक आत्मकथा है, जो एक रियल लाइफ हीरो और स्लम सॉकर के फाउंडर हैं।

यह एक ऐसा संगठन है, जो फुटबॉल खेल के जरिए वंचित पृष्ठभूमि के बच्चों की भलाई और विकास के लिए काम करता है। अमिताभ बच्चन ने इस फिल्म में विजय बरसे की भूमिका निभायी है।

फिल्म झुंड ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर 6 मई को स्ट्रीम कर दी जाएगी।

## आज का राशिफल

***मेष:*** मित्रों या परिवार के सदस्यों के साथ मौज-मस्ती भरी यात्रा आपको सुकून देगी। जीवनसाथी की खराब तबीयत के कारण आज आपका धन खर्च हो सकता है, लेकिन आपको इसको लेकर चिंता करने की जरूरत नहीं है।

***वृष:*** दूसरों के सफलता को सराहकर आप उसका लुत्फ़ ले सकते हैं। आर्थिक समस्याओं ने रचनात्मक सोचने की आपकी क्षमता को बेकार कर दिया है। परिवार में आप एक संधि कराने वाले दूत का दायित्व निभाएंगे।

***मिथुन:*** जब आप कोई फ़ैसला लें, तो दूसरों की भावनाओं का ख़ास ख्याल रखें। आपका कोई भी ग़लत निर्णय न केवल उनपर खऱाब असर डालेगा, बल्कि आपको भी मानसिक तनाव देगा। ख़र्चों में हुई अप्रत्याशित बढ़ोतरी आपके मन की शांति को भंग करेगी।

***कर्क:*** ऐसी गतिविधियों में संलग्न रहें, जो आपको सुकून दें। व्यापाार में मुनाफा आज कई व्यापारियों के चेहरे पर खुशी ला सकता है। आपमें से कुछ गहने या घरेलू सामान खऱीद सकते हैं, जिनकी सगाई हो चुकी है, वे अपने मंगेतर से बहुत-सी ख़ुशियां पाएंगे।

***सिंह:*** अपने आहार पर नियंत्रण रखें और चुस्त-दुरुस्त रहने के लिए नियमित व्यायाम करें। धन की आवाजाही आज दिन भर होती रहेगी और दिन ढलने के बाद आप बचत करने में भी सक्षम हो पाएंगे। संभव है कि कोई आपसे अपने प्यार का इज़हार करे।

***कन्या:*** आपका उदार स्वभाव आज आपके लिए कई ख़ुशनुमा पल लेकर आएगा। आज के दिन भूलकर भी किसी को पैसे उधार न दें और यदि देना जरुरी हो तो देने वाले से लिखित में लें कि वो पैसा वापस कब करेगा।

***तुला:*** दूसरों के सफलता को सराहकर आप उसका लुत्फ़ ले सकते हैं। किसी करीबी दोस्त की मदद से आज कुछ करोबारियों को अच्छा-खासा धन लाभ होने की संभावना है। यह धन आपकी कई परेशानियों को दूर कर सकता है।

***वृश्चिक:*** दूसरों की आलोचना में समय खऱाब न करें, क्योंकि इसका बुरा असर आपके स्वास्थ्य पर भी पड़ सकता है। धन का आगमन आज आपको कई आर्थिक परेशानियों से दूर कर सकता है।

***धनु:*** शाम का वक़्त अपने जीवनसाथी के साथ किसी फ़िल्म, थिएटर या रेस्टोरेंट में बिताना आपको सुकून देगा और आपका मन तरोताज़ा रखेगा। आज के दिन आपको शराब जैसे मादक तरल का सेवन नहीं करना चाहिए।

***मकर:*** कारोबारियों के लिए दिन सामान्य रहने की उम्मीद है। दिल के करीबी लोगों के साथ आपका वक्त बिताने का मन करेगा, लेकिन आप ऐसा कर पाने में सक्षम नहीं हो पाएंगे।

***कुंभ:*** सफलता क़रीब होने के बावजूद आपकी ऊर्जा के स्तर में गिरावट आएगी। वैसे तो अपना पैसा दूसरे को देना किसी को पसंद नहीं आता लेकिन आज आप किसी जरुरतमंद को पैसा देकर सुकून का अनुभव करेंगे।

***मीन:*** आपका ऊर्जा-स्तर ऊँचा रहेगा। अटके हुए मामले और घने होंगे व ख़र्चे आपके दिमाग़ पर छा जाएंगे। अपने परिवार को पर्याप्त समय दें। उन्हें महसूस होने दें कि आप उनका ख्याल रखते हैं।

## बिहार की मशहूर और ट्रेडिशनल डिश 'लिट्टी-चोखे'



**सामग्री :**

4 कप आटा, 1/2 टीस्पून अजवायन, 1/2 टीस्पून बेकिंग सोडा, 3/4 टीस्पून नमक, घी

**भरावन की सामग्री-** 2 कप सत्तू, 1 टीस्पून अदरक बारीक कटा, 2-3 हरी मिर्च बारीक कटी, 2 टेबलस्पून हरा धनिया बारीक कटा, 1/2 टीस्पून जीरा, 1/2 टीस्पून सौंफ, 1/4 टीस्पून नमक, 2 टीस्पून सरसों का तेल

**आलू के चोखे के लिए-** 2 आलू उबले हुए, 1 हरी मिर्च बारीक कटी, 1/4 टीस्पून अदरक बारीक कटा, 1 टीस्पून हरा धनिया, 1/2 टीस्पून सरसों का तेल, 1/2 टीस्पून लाल मिर्च पाउडर, स्वादानुसार नमक

**बैंगन के चोखे के लिए-** 1 बड़ा बैगन, 2 टमाटर, 2 हरी मिर्च, 1 टीस्पून अदरक बारीक कटा, 1 टीस्पून हरा धनिया बारीक कटा, 2 टीस्पून सरसों का तेल, स्वादानुसार नमक

**विधि :**

आटे में नमक, अजवायन, बेकिंग सोडा मिलाने के बाद उसमें चार बड़े चम्मच घी मिलाकर मसल लें और गुनगुने पानी से आटा गूंथ लें। इसे 20 मिनट ढककर रखें। इसके बाद भरावन की सारी सामग्री मिलाकर एकसार कर लें। अब आटे की लोई लेकर पेड़ा बनाएं और उसे कपनुमा आकार दें। उसमें मसाला भरें और हल्का सा दबाएं। ध्यान रहे दबाने के बाद लाइन दिखे नहीं। अब तंदूर को गर्म करें और लिट्टियों को उसकी जाली पर रखकर मध्यम आंच पर सेंकें। अच्छी तरह सिंकने पर पिघले घी में डालते जाएं। सर्व करते समय चाहें तो घी छान लें। वैसे तो लिट्टी को गोबर के उपलों पर सेंकते हैं लेकिन समय और सुविधा को ध्यान में रखते हुए आप इन्हें तंदूर, अवन, कुकर या माइक्रोवेव में भी सेंक सकती हैं। आलू का चोखा बनाने के लिए या तो आलू उबालकर फोड़ें या रोस्ट कर छील लें। इसके बाद भर्ते की तरह पल्प बनाकर आलू में सारे मसाले मिला दें। बैंगन का चोखा बनाने के लिए बैंगन और टमाटर रोस्ट करने के बाद उसे छीलकर मैश करें और सारे मसाले मिला दें। चोखे में कच्चा सरसों का तेल जरूर डालें। इससे उसका स्वाद बढ़ जाएगा।


## शब्द सामर्थ्य- 51

**बाएं से दाएं**

1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

**ऊपर से नीचे**

1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 050 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अं | त | | म | री | ज | | | |
| ग | ह | न | ता | | ब | र | ब | स |
| | की | | धि | क्का | र | | र | मा |
| | का | | का | | द | वा | खा | ना |
| प | त | वा | र | | स्त | र | | |
| ह | | | | | | दा | मि | नी |
| ना | | ए | ह | ति | या | त | | लां |
| वा | च | क | | हा | | | खू | ब |
| | | ता | ब | ड़ | तो | ड़ | | र |

## सू-दोकू- 51

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.050 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |